भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **3140**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

बुआई के समय आवश्यक उर्वरकों की अनुपलब्धता

3140. सुश्री इकरा चौधरी:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने हैं कि देश के सभी भागों, विशेषकर कृषि पर अत्यधिक निर्भर क्षेत्रों में आवश्यक उर्वरक उपलब्ध कराए जाएं;

(ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि उत्तर प्रदेश के किसानों को फसल की बुआई के समय यूरिया और डीएपी जैसे उर्वरकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) विशेषकर सम्पूर्ण विश्व में आपूर्ति शृंखला में आ रही बाधाओं के आलोक में, सरकार द्वारा देश में उर्वरकों की कमी को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने हैं?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) "कृषि आदानों के लिए क्षेत्रीय सम्मेलन" के माध्यम से प्रत्येक फसल मौसम (अर्थात खरीफ और रबी) से पहले प्रमुख उर्वरकों अर्थात यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस उर्वरकों की आवश्यकता का आकलन करता है। डीएएंडएफडब्ल्यू द्वारा किए गए आकलन के आधार पर, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा आबंटित करता है और उपलब्धता की स्थिति की निरंतर निगरानी करता है। यह आपूर्तियां स्वदेशी उत्पादन के साथ-साथ आयातों के माध्यम से की जाती हैं।

चालू रबी मौसम 2024-25 (01.10.2024 से 09.12.2024 तक) के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में यूरिया और डीएपी की आवश्यकता, उपलब्धता, बिक्री और अंतिम स्टॉक का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

<मात्रा एलएमटी में>

क्र.सं.	उत्पाद समूह	मौसमी आवश्यकता	09.12.2024 तक यथानुपात आवश्यकता	09.12.2024 तक उपलब्धता	09.12.2024 तक डीबीटी बिक्री	09.12.2024 तक अंतिम स्टॉक
1	**यूरिया**	39.00	14.90	26.50	12.01	14.49
2	**डीएपी**	15.00	11.65	10.60	9.10	1.50
* सहज उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता > आवश्यकता						
** सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता > बिक्री						

चालू रबी मौसम 2024-25 (01.10.2024 से 09.12.2024 तक) के दौरान देश में यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीके की आवश्यकता, उपलब्धता, बिक्री और अंतिम स्टॉक का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

<मात्रा एलएमटी में>

क्र.सं.	उत्पाद समूह	मौसमी आवश्यकता	09.12.2024 तक यथानुपात आवश्यकता	09.12.2024 तक उपलब्धता	09.12.2024 तक डीबीटी बिक्री	09.12.2024 तक अंतिम स्टॉक
1	**यूरिया**	186.89	89.37	133.97	73.52	60.45
2	**डीएपी**	52.05	36.91	40.47	31.77	8.70
3	**एमओपी**	11.95	6.24	14.22	5.77	8.45
4	**एनपीकेएस**	77.10	41.09	60.74	37.03	23.71
* सहज उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता > आवश्यकता						
** सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता > बिक्री						

******